# Hindi Murli Quiz 15-03-2015

Quiz to help revise the murli. The questions are based on TODAY'S murli
Click here to access the mp3 file of the 20 min murli & also old quizzes

**Q.1)** **"समय प्रति समय धर्म आत्मायें, महान आत्मायें पवित्र रहे हैं, लेकिन उन्हो की पवित्रता और आपकी पवित्रता मे अन्तर है । इस समय आप पवित्र बनते हो। इसी पवित्रता की प्राप्ति वा प्रालब्ध भविष्य अनेक जन्म तक तन-मन-धन, सम्बन्ध, सम्पर्क और साथ में आत्मा भी पवित्र हैं । शरीर भी पवित्र हो और आत्मा भी पवित्र हो - ऐसी पवित्रता आप होलीएस्ट आत्मायें ही प्राप्त करती हो । मन-वचन-कर्म तीनो ही पवित्र बनने से ऐसी प्रालब्ध प्राप्त होती है। स्वप्न मात्र भी अपवित्रता समाप्त हो जाती है ।"**

A. ◉ True / सही
B. ○ False / गलत

**Q.2)** **हाईएस्ट और रिचेस्ट इन दी वर्ल्ड' आत्माओं की निशानियाँ चयन करें -------**

A. ☑ ऊंचे ते ऊंचे बाप के बच्चे ऊंचे ते ऊंचे हैं ।
B. ☑ हाइएस्ट बनते हो तब पूजे जाते हो । पुजारी नमन और पूजन करते है ।
C. ☑ अभी स्व-राज्य अधिकारी बनते हो और भविष्य मे राजाओं के राजे बनते हो ।
D. ☑ हर कदम मे पदमों की कमाई होती है अर्थात रिचेस्ट इन दी वर्ल्ड होते।
E. ☑ बच्चों के खजानों को आग नही जला सकती, पानी डुबो नही सकता, चोर लूट नही सकता, राजा भी खा नही सकते ।

**Q.3)** **वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही मिलाएं -------**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | सर्व त्याग माना बेगर, सर्व प्राप्तियां अर्थात् प्रिन्स, | लेकिन आप बेगर भी हो और प्रिन्स भी हो। |
| B | तन-मन-धन, सम्बन्ध सभी त्याग किया, | अर्थात् एक शब्द मेरा को तेरा में परिवर्तन किया । |
| C | तेरा कहना माना बड़ी बात को छोटा करना, | मेरा कहना माना छोटी बात को बड़ी करना । |
| D | सिर्फ तेरा कहना ही नहीं बल्कि मानना और फिर चलना, | तेरा कहने से सारा बोझ बाप को दे देते । |
| E | तेरा तुम ही जानो,फिर आप सिर्फ निमित्तमात्र हो, | इसमें न्यारे और परमात्मा के प्यारे बन गये अर्थात विश्व के प्यारे बन गए । |

**Q.4)** **'मेरा को तेरा में परिवर्तन' पर बापदादा के कुछ महावाक्य--------**
**"मेरे को तेरा करने में सिर्फ भविष्य प्राप्ति नही है, वर्तमान भी है । कोई भी बात आ जाए तेरा कह दो, मान जाओ और फिर तेरा समझकर करो तो देखो बोझ हल्का हो जायेगा। परन्तु होता क्या है कि मेरा-मेरा कहने की 63 जन्मों की आदत है, तो तेरा-तेरा कहकर फिर मेरा कह देते हो। फिर वह बात तो कुछ समय में खत्म हो जाती है लेकिन जो तेरे से मेरा किया उसका फल लम्बा चलता है- चाहे पश्चाताप के रूप मे, चाहे परिवर्तन करने के लक्ष्य से। वह बात बार-बार स्मृति मे आती रहती है। इसलिए बाप कहते हैं अगर 'मेरा' शब्द से प्यार है, आदत है, संस्कार है, कहना ही है तो 'मेरा- बाबा' कहो । "**

A. ◉ True / सही
B. ○ False / गलत

**Q.5)** **होली मनाने आये हो तो यही मन्त्र याद करो कि मै बाप की, परमात्म परिवार की हो ली अर्थात् हो गई । भक्ति मार्ग मे पहले जलाते हैं फिर मनाते हैं । वास्तव मे देखो तो मनाने से शक्ति, अतीन्द्रिय-सुख का अनुभव तब ही कर सकते हैं जब पहले अपनी अशुद्धि को, कमजोरी को, बुराई को जलाओ और फिर मनाओ।"**
**मनाने के विषय में बाप द्वारा उच्चारित सभी महावाक्य चयन करें---------**

A. ☑ मनाना अर्थात परमात्म रंग में रंग जाना अर्थात् बाप समान बन जाना ।
B. ☑ जैसे बाप अशरीरी है, अव्यक्त है वैसे अशरीरी पन वा अव्यक्त फरिश्ते पन का अनुभव करना ।
C. ☑ .कर्म करो लेकिन अव्यक्त फरिश्ता बनके काम करो ।
D. ☑ अशरीरीपन की स्थिति का जब चाहो तब अनुभव करो ।
E. ☑ बाप समान बनने के लिए मन और बुद्धि आपके कन्ट्रोल मे हो ।
F. ☑ मन को जहाँ जिस स्थिति मे स्थित करने चाहो, आर्डर किया और वहां सेकण्ड में स्थित हुआ ।
G. ☑ कैसी भी परिस्थिति हो, हलचल हो लेकिन सेकण्ड में अचल हो जाओ- ऐसी कंट्रोलिंग पावर हो।

**Q.6)** **" अगर कंट्रोलिंग पावर नहीं है तो कई परस्थितियाँ हल चल में ले आ सकती हैं। इसलिए एक होली शब्द याद करो और होली शब्द के तीन अर्थ यूज करो- (1).होली बीती सो बीती,(2).हो ली बाप की बन गई और (3).होली अर्थात् पवित्र आत्मा बन गई। अर्थ स्वरूप मे स्थित हो जाओ। सोचा और हुआ "**

A. (●) True / सही
B. ( ) False / गलत

**Q.7)** **दस बर्षो से पुराने डबल विदेशी भाई-बहिनों की सेरीमनी के अवसर पर बापदादा के महावाक्यों पर आधारित यह मैचिंग एक्सरसाइज बहुत ध्यान से करें ----------**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | सिर्फ फेस ही नहीं मन की स्थिति भी देखो, | आइने मे तो शक्ल देखी, लेकिन नॉलेज के आइने मे अपनी स्थिति भी देखो। |
| B | बापदादा बच्चों की कमाल देख कर खुश होते हैं कि, | देश बदला, रसम-रिवाज बदले, सस्कार डबल फारेनर्स के बदले, भारतवासी हो गये। |
| C | अभी मधुबन आपकी परमानेन्ट एड्रेस है, | अमेरिका, रशिया, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, जापान. आदि यह आपके भिन्न-भिन्न सर्विस स्थान हैं। |
| D | देखो अगर आप विदेश में जन्म नही लेते, | तो भारत की बहनों को कितनी भाषायें सीखनी पड़ती। |
| E | डबल फारेनर्स को सेवास्थान खोलने का शौक अच्छा है, | तब तो इतने देशो मे सेवाकेन्द्र खुले हैं। |
| F | एक सेवा अभी रही हुई है, | फारेन के अखबारों और वर्ल्ड के रेडियो की सेवा ज्यादा करो जिससे भारतवासियो की आखें खुलें। |

**Q.8)** **"अभी हर वर्ष कुछ नया तो करते हो ना, प्लैन तो बनाते हो ना? मीटिंग भी बहुत करते हो। करो, खूब करो। हिम्मत बच्चो की, मदद बाप की तो है ही। सिर्फ कोई निमित्त बने। हर कार्य के लिए कोई न कोई निमित्त बन जाता है और कार्य हो भी जाता है क्योकि ड़ामा मे होना नूंधा हुआ है। सिर्फ समय पर कोई निमित्त बन जाता है। तो आवाज फैलाने के कार्य के लिए भी कोई निमित्त बनना ही है।"**

A. (●) True / सही
B. ( ) False / गलत

**Q.9)** **आज बापदादा द्वारा बच्चों के प्रति दी गयी 'याद्प्यार' पर आधारित यह मैचिंग एक्सरसाइज बहुत ध्यान से हल करें--**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | शरीर भी पवित्र हो और आत्मा भी पवित्र हो, | ऐसी चारों ओर की होलीएस्ट आत्मायें। |
| B | सदा हाइएस्ट स्थिति मे स्थित रहने वाली, | हाइएस्ट आत्मायें। |
| C | सदा सर्व खजानो से सम्पन्न, | रिचेस्ट आत्मायें। |
| D | सदा हर कदम में पदम जमा करने वाली, | बाप समान बनने वाली श्रेष्ठ आत्मायें। |
| E | सदा रहमदिल, क्षमा के सागर के बच्चे, | मास्टर क्षमा करने वाली आत्मायें। |
| F | विश्व की दु .खी आत्माओ को, | सकाश द्वारा सुख-शान्ति की अंचली देने वाली आत्माएं। |
| G | हर समय अपने जमा के खाते मे भरपूर रहने वाले, | अति तीव्र पुरुषार्थी आत्माएं। |

**Q.10)** **आज के वरदान अनुसार बाप समान वरदानी मूर्त बच्चों की विशेषताएं चयन करें ----**

A. [x] बाप समान वरदानी मूर्त बच्चे कभी किसी की कमजोरी को नही देखते।
B. [x] वे सबके ऊपर रहमदिल होते हैं।
C. [x] वे किसी की कमजोरी दिल मे धारण नही करते।
D. [x] वे हरेक की दिल को आराम देने वाले मास्टर दिलाराम होते हैं।
E. [x] वे सदा निश्चिन्त और बेफिक्र बादशाह होकर रहते हैं।